


**न्यूजीलैंड के खिलाफ जमाया था दोहरा शतक**

पॉली उमरीगर लगातार तीन सेंचुरी लगाने (पाकिस्तान और इंग्लैंड) का कारनामा भी किया था। लेकिन एक चीज जिसकी वजह से उनका नाम हमेशा के लिए रेकॉर्ड बुक में दर्ज है वह है भारत की ओर से टेस्ट क्रिकेट में पहला दोहरा शतक। उमरीगर ने 20 नवंबर 1955 को न्यूजीलैंड के खिलाफ 223 रन बनाए।

## कौन है भारत की ओर से पहला दोहरा शतक लगाने वाला बल्लेबाज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दोहरा शतक एक खास मुकाम होता है पर भारत की ओर से पहला दोहरा शतक किसने लगाया यह सवाल बहुत से लोगों को चकरा देता है। तो क्या आप जानते हैं कौन था जिसने भारत की ओर से यह कारनामा किया। यह खिलाड़ी भारत का कप्तान भी रहा और 1950 के दशक में भारतीय बल्लेबाजी क्रम का अहम हिस्सा भी। भारत की ओर वनडे में पहला दोहरा शतक सचिन तेंडुलकर ने जमाया। पर टेस्ट क्रिकेट में पहला दोहरा शतक किसने लगाया। लाला अमरनाथ ने भारत की ओर से पहला टेस्ट दोहरा शतक लगाया। पर पहला दोहरा शतक जमाने वाले बल्लेबाज वह नहीं थे।

**पहली उमरीगरः** तो, हम आपको बताते हैं कि यह बल्लेबाज कौन था। भारत की ओर से टेस्ट क्रिकेट में पहला दोहरा शतक पॉली उमरीगर ने लगाया था। 28 मार्च 1926 को जन्मे उमरीगर ने 1948 में अपना डेब्यू किया।

**भारत की पहली जीत में जमाई सेंचुरीः** मद्रास में भारत की पहली टेस्ट जीत में पॉली उमरीगर शानदार 130 रन बनाए। भारत ने 25वें प्रयास में टेस्ट जीत हासिल की थी। उन्हें इस मैच में खेलने का मौका भी संयोग से मिला था। हेमू अधिकारी मैच से पहले चोटिल हो गए थे। उनकी कलाई में चोट लगी थी।

# कोविड-19 के माहौल में क्रिकेट वास्तविकता से परेः राहुल द्रविड़

**क्रिकेट**

## खेल गतिविधियां कोराना वायरस महामारी के कारण ठप्प

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पूर्व कप्तान राहुल द्रविड जैव सुरक्षित वातावरण में क्रिकेट खेले जाने के पक्षधर नहीं हैं। उन्होंने इसे वास्तविकता से परे करार दिया। इंग्लैंड ऐंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) सबसे पहले इस तरह का विचार सामने लेकर आया था। ईसीबी कोविड-19 महामारी के बावजूद अपना क्रिकेट सत्र शुरू करने के लिए बेताब है। उसने हाल में घोषणा की थी वह पाकिस्तान और वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज का आयोजन जैव सुरक्षित स्थलों पर करेगा।

दिग्गज बल्लेबाज द्रविड़ इस विचार से सहमत नहीं हैं। द्रविड़ ने गैर सरकारी संगठन युवा के समर्थन में आयोजित वेबिनार के दौरान कहा, 'ईसीबी जिन चीजों की बात कर रहा है वे थोड़ा वास्तविकता से परे हैं। निश्चित तौर पर ईसीबी इन सीरीज के आयोजन का इच्छुक है क्योंकि वहां और किसी तरह की क्रिकेट नहीं खेली जा रही है।' उन्होंने कहा, 'यहां तक कि अगर वे जैव सुरक्षित वातावरण तैयार करने में सफल रहते हैं और उसमें मैचों का आयोजन करते हैं लेकिन मुझे लगता है कि जिस तरह का कार्यक्रम है, जिस तरह से यात्राएं करनी पड़ती हैं और जिस तरह से इसमें कई लोग शामिल होते हैं, उन्हें देखते हुए हर किसी के लिए ऐसा करना संभव नहीं होगा।'



ईसीबी ही नहीं दक्षिण अफ्रीका ने भी सुझाव दिया है कि भारत के खिलाफ प्रस्तावित सीरीज जैव सुरक्षित वातावरण में आयोजित की जा सकती है। द्रविड़ ने कहा, ' हम सभी उम्मीद कर रहे हैं कि समय के साथ चीजों में सुधार होगा और बेहतर दवाईयां मिलने पर स्थिति भी बेहतर होगी।' उन्होंने कहा, 'जैव सुरक्षित वातावरण में आपको सभी तरह के परीक्षण करने होंगे, क्वॉरंटीन इसमें शामिल होगा और ऐसे में अगर टेस्ट मैच के दूसरे दिन कोई खिलाड़ी संक्रमित पाया जाता है तो फिर क्या होगा। अभी जो नियम है उसके अनुसार स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी आएंगे और सभी को पृथकवास पर रख देंगे।'

उन्होंने कहा कि इसका मतलब होगा कि टेस्ट मैच में बीच में समाप्त हो जाएगा और उस माहौल को तैयार करने की सारी कोशिशें भी बेकार चली जाएंगी। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख द्रविड़ ने कहा, 'हमें स्वास्थ्य विभाग और सरकारी अधिकारियों के साथ मिलकर कोई तरीका ढूंढना होगा कि अगर कोई खिलाड़ी संक्रमित पाया जाता है तो पूरा टूर्नामेंट रद्द नहीं होगा।' क्रिकेट सहित विश्व भर में सभी खेल गतिविधियां कोराना वायरस महामारी के कारण ठप्प पड़ी हैं।

# विराट कोहली को कट और पुल खेलने को मजबूर करताः शोएब अख्तर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर को लगता है कि अगर वह आज खेल रहे होते तो भारतीय कप्तान विराट कोहली और वह एक ही वक्त पर दोस्त और दुश्मन दोनों होते। अख्तर ने क्रिकइंफो पर बातचीत में कहा, हम दोनों पंजाबी हैं। हमारा दिल बड़ा होता है। हम मैदान के बाहर बेस्ट फ्रेंड होते और मैदान पर एक-दूसरे के कट्टर दुश्मन।

अख्तर ने कहा, जब आप विराट के साथ झगड़ा करते हो तो वह और फोकस हो जाता है। तो उन्हें गेंदबाजी करते समय मैं कोशिश करता कि वह अपना फोकस खोएं। मेरा प्रयास होता कि वह एकाग्रता खोएं। मेरी गेंद

■इंजमाम को 10 साल तक नेट्स में भी बोल्ड नहीं कर पाया

की रफ्तार पर मैं उन्हें कट या पुल करवाने की कोशिश करता क्योंकि उनके पास ये दो शॉट नहीं हैं।

अख्तर ने कहा, मुझे पता है कि उन्हें ड्राइव करना पसंद है, तो अपनी रफ्तार पर मैं उन्हें ड्राइव के लिए आमंत्रित करता और बीच-बीच में उनसे बात करता रहा। कुछ वैसा ही जैसा जेम्स एंडरसन ने उनके साथ इंग्लैंड में किया। अख्तर से जब पूछा किया कि किस बल्लेबाज को आप बोल्ड नहीं पाते। तो उन्होंने इंजमाम-उल-हक का नाम लिया। उन्होंने कहा, सच बताऊं तो इंजमाम-उल-हक को मैं बोल्ड नहीं कर पाता। देखिए, मेरा ऐक्शन बहुत मुश्किल है। यह ब्रेट ली की तरह सिम्पल नहीं है। लेकिन इंजमाम को 10 साल तक नेट्स में भी बोल्ड नहीं कर पाया। मुझे लगता है कि वह गेंद को एक सेकंड पहले पढ़ लेते थे।

इसके साथ ही उन्होंने मार्टिन क्रो और राहुल द्रविड़ की भी तारीफ की। अख्तर ने कहा, मुझे लगता है कि मार्टिन क्रो भी मुझे बहुत अच्छा खेलते। मुझे लगता है कि वह जादूगर की तरह खेलते थे। भारतीय बल्लेबाजों में राहुल द्रविड़ बहुत शानदार बल्लेबाज थे।

अगर वह शॉट नहीं खेलते तो मैं उनके डिफेंस को नहीं भेद सकता। इसके साथ ही जैक कालिस दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर्स और स्लिप फील्डर्स में रहे।

## ड्वेन ब्रावो ने बताया कौन लगाएगा टी20 में पहला दोहरा शतक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो को लगता है कि रोहित शर्मा टी20 में दोहरा शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज होंगे। चेन्नै सुपर किंग्स के ऑलराउंडर को लगता है कि क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में दोहरा शतक लगाने में भारतीय टीम के उपकप्तान पहले खिलाड़ी होंगे।

गौरतलब है कि एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में छह बल्लेबाज दोहरा शतक लगा चुके हैं लेकिन टी20 में अभी तक ऐसा कोई नहीं कर पाया है। रोहित अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। ओडीआई में उनके नाम तीन दोहरे शतक हैं। वह इस प्रारूप में एक से ज्यादा दोहरे शतक लगाने वाले इकलौते बल्लेबाज हैं। क्रिकइंफो को दिए एक इंटरव्यू में ब्रावो से जब पूछा गया कि टी20 प्रारूप में कौन सा बल्लेबाज सबसे पहले दोहरा शतक लगाएगा तो उन्होंने रोहित का नाम लिया। रोहित के नाम टी20 क्रिकेट में छह शतक हैं। उन्होंने चार शतक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में और दो लीग में बनाए हैं। टी20 क्रिकेट में सर्वोच्च स्कोर की बात करें तो यह रेकॉर्ड क्रिस गेल के नाम है।

## न्यूज डायरी




## हेरोइन के साथ पकड़े गए थे, अब शेहान मदुशनाका का अनुबंध हो सकता है रद्द

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलंबो। अपने पदार्पण एकदिवसीय मैच में हैटट्रिक लेने वाले श्रीलंका के क्रिकेटर शेहान मदुशनाका को हेरोइन रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है जिसके बाद श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) उनके अनुबंध को खत्म करने की योजना बना रहा है। मध्यम गति के इस तेज गेंदबाज और उनके एक दोस्त को 23 मई को मादक पदर्थ रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। उत्तर-पश्चिमी प्रांत के कुलियापिटिया में मजिस्ट्रेट ने उन्हें 2 जून तक रिमांड पर रखने का आदेश दिया। एससीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एशले डिसिल्वा ने कहा, 'हमें अभी तक इस बारे में आधिकारिक तौर पर सूचित नहीं किया गया है। वह एक अनुबंधित खिलाड़ी है। अगर उन पर लगा आरोप साबित होता है तो हम उसके अनुबंध को रद्द करने की कार्रवाई करेंगे।' पच्चीस साल के इस गेंदबाज ने 2018 में बांग्लादेश के खिलाफ अपने पदार्पण मैच में हैटट्रिक लिया है। वह वनडे क्रिकेट में ऐसा करनामा करने वाले चौथे गेंदबाज बने थे। उन्होंने एक दिवसीय के अलावा दो टी20 अंतरराष्ट्रीय खेला है।

## पाकिस्तान के 3 ऐथलीट मुसीबत में, एक ने तो जीता है गोल्ड मेडल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कराची। नेपाल में हुए दक्षिण एशियाई खेलों में पाकिस्तान के तीन पदक विजेता भारी मुसीबत में दिखाई दे रहे हैं। उन तीनों ने डोप टेस्ट नहीं दिया। सूत्रों के अनुसार, इस वजह से अब उन पर चार साल का प्रतिबंध लग सकता है। पाकिस्तान एमैच्योर ऐथलेटिक्स महासंघ के विश्वस्त सूत्रों के अनुसार दो एथलीटों ने ट्रैक और फील्ड में स्वर्ण और एक ने कांस्य पदक जीता था। सूत्र ने कहा, 'उनके नाम गोपनीय रखे गए हैं लेकिन महासंघ को हाल ही में डोप टेस्ट की रिपोर्ट मिली और तीनों पॉजिटिव पाए गए हैं।' उन्होंने कहा कि वाडा की प्रक्रिया का पालन करते हुए खिलाड़ियों को अपना पक्ष रखने का मौका दिया जाएगा। उनके दोषी साबित होने पर उन पर चार साल तक का प्रतिबंध लग सकता है। बता दें कि इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान ने 132 मेडल जीते थे, जिसमें 32 गोल्ड मेडल शामिल हैं।

## जसप्रीत बुमराह को चुनौती देने चाहते हैं शान मसूद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान के खिलाड़ियों के बीच हमेशा से टशन देखने को मिली है। क्रिकेट से लेकर हॉकी और कबड्डी तक की टीमें जब आमने-सामने होती हैं तो उन्हें चीयर करने के लिए फैन्स बड़ी संख्या में स्टेडियम पहुंचते हैं। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में बॉर्डर पर तनाव और आतंकवाद की वजह से भारतीय टीमें पाकिस्तानी से किसी भी तरह की द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेल रही है। दूसरी ओर, पाकिस्तानी खिलाड़ी भारत के सामने खेलने को हमेशा ही बेताब रहे हैं। इस क्रम में एक और नाम शान मसूद का जुड़ गया है। यह पाकिस्तानी बल्लेबाज भारतीय यॉर्कर किंग जसप्रीत बुमराह को चुनौती पेश करना चाहता है। एक लाइव चैट में उनसे जब पूछा गया कि वह कौन-सा मुश्किल बोलर है, जिसे वह खेलना चाहेंगे? इसके जवाब में उन्होंने भारतीय खतरनाक पेसर जसप्रीत बुमराह का नाम लिया। उन्होंने कहा कि बुमराह ऐसे गेंदबाज हैं, जिन्हें वह चुनौती देना चाहेंगे।

## बलबीर सिंह उंगली में फ्रैक्चर के बावजूद खेले थे 1956 ओलिंपिक फाइनल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। फुटबॉलर तुलसीदास बलराम ने 1956 ओलिंपिक फाइनल की बात याद करते हुए कहा कि महान हॉकी खिलाड़ी बलबीर सिंह सीनियर पाकिस्तान के खिलाफ उंगली में फ्रैक्चर के बावजूद खेले थे। बलराम ने कहा कि भले ही बलबीर सिंह ने उस मैच में मिली जीत में गोल नहीं दागा था लेकिन उनका जज्बा कमाल का था। अर्जुन अवॉर्डी दिग्गज बलराम उस भारतीय टीम का हिस्सा थे जिसने 1956 ओलिंपिक में ऐतिहासिक चौथा स्थान हासिल किया था। उन्होंने याद करते हुए कहा कि बलबीर सिंह ने चिर प्रतिद्वंदी के खिलाफ फाइनल से पहले दर्द निवारक इंजेक्शन लिया था। तीन बार के ओलिंपिक स्वर्ण पदक विजेता बलबीर सिंह का सोमवार को मोहाली के एक अस्पताल में निधन हो गया, वह 96 वर्ष के थे।